SYNERGY

BSES
BSES Rajdhani Power Limited

... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम

नवंबर–दिसंबर 2012

उपभोक्ताओं को बीआरपीएल की ओर से दीपावली, मेरी क्रिसमस और नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

SBI Cap Securities Power Sector Update (October 2012)

लोक अदालत में 1579 मामलों का ऑन द स्पाट् निपटारा

दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) और बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड के सहयोग से 13 और 14 अक्टूबर को जिला न्यायालय साकेत में आयोजित विशेष लोक अदालत पूर्वानुमानो से बढ़कर, बेहद सफल रहा। इन दो दिनों में 1579 (वैल्यु 12,31 करोड) मामलों का निपटारा किया गया। ग्रीन लोक अदालत के जरिए 30,000 से अधिक ए4 साइज पेपर् की बचत भी हुई।

व्यापक पैमाने पर सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लोक अदालत में लंबित पड़े मामलों या फिर अन्य अदालतों में दाखिल हुए मामलों को शामिल किया गया। दो दिवसीय लोक अदालत ने बीआरपीएल के दक्षिण और पश्चिम दिल्ली के उपभोक्ताओं/लिटीगेशन को ऑन द स्पाट बिजली चोरी के मामलों जिसमें सीधी बिजली की चोरी (डीटी) और मीटर के साथ छेड़छाड़ (डीएई) के मामले शामिल थे, के निपटारे हेतु वन्टाइम अवसर मुहैया करवाया।



फर्जी लोगों से सावधान

बीआरपीएल के समक्ष ठगी और धोखाधड़ी के कुछ ऐसे मामले प्रकाश में आये जिसमें सीधे–साधे एंव बेखबर उपभोक्ताओं को फर्जी एवं असामाजिक तत्वों ने ठगने का प्रयास किया है। खुद को बीआरपीएल का एम्पलाई बताकर ये फर्जी लोग साधारण कस्ट्मर से किसी न किसी तरीके से रकम ऐठनें का प्रयास किया।

बीएसईएस अपने उपभोक्ताओं से अपील करता है कि वे असामजिक तत्वों से खुद को सावधान रखें। छद्म रुप से अपने कृत्यों के जरिए कंपनी की छवि को खराब करने की कोशिश में जुटे ऐसे फर्जी लोगों की झूठी बातों ,बहकावें एवं धमकियों में ना आयें और ना ही इन्हें किसी प्रकार का रकम दें, चाहे कारण कुछ भी हो। सभी प्रकार के एनफोर्समेंट, जुर्माना, पेनाल्टी और अन्य कार्मिशियल भुगतान सिर्फ बीएसईएस के अधिसूचित ऑफिस में ही किया जाता है।

कस्टमर् को सलाह दी जाती है कि जो व्यक्ति आपके घर आकर खुद को बीएसईएस से संबद् होने का दावा करता है, उसका सत्यापन और पहचान करें। कृपया उससे उसका पहचान पत्र मागें और पहचान पत्र में निम्न तथ्यों का अवलोकन करें। (1) बीएसईएस लोगो (2) बीएसईएस होलोग्राम (3) जारी करने की तिथि (4) वैधता (5) फोटोग्रॉफ (6) प्राधिकृत अधिकारी का हस्ताक्षर (7) एम्प्लाई का हस्ताक्षर (8) एम्प्लाई नंबर/ कार्ड नंबर (9) कांटेक्टर का नाम/ लोगो/पता (10) लेमीनेशन

एसएमएस अलर्ट और ईमेल पर बिल पाने के लिए रजिस्टर् करें

बेहतर सेवा के लिये आप हमारी सहायता करें। बिलिंग और भुगतान से जुड़े डिटेल प्राप्त करने के लिए कृपया अपने मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी को रजिस्टर् करें। विकल्प के तौर पर हमारे 24X7 हेल्पलाइन नंबर 399–99–707 पर कॉल करें अथवा brpl.customercare@relianceada.com पर लिखें।

Call Us
We are listening
Dial BRPL- 39999707

To advertise in Synergy, please call Twohmp at 9650804539 or email : direct@twohmp.in
BSES Rajdhani Power Limited is not legally responsible for the contents of the advertisements in Synergy